an>

Title: Need to withdraw the ban imposed on the reconstruction of Nirman Nivas school in the vacant defence land at Malad complex in Mumbai.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : अध्यक्ष महोदया, मैं दुखी मन से एक बार फिर जो डिफेंस का मामला है, उसको उठाने का काम कर रहा हूँ। मैं आपसे भी आ कर मिला था। आपने भी हमको यहां पर कॉलिंग अटेंशन मूव करने का अवसर दिया। पहले के डिफेंस मिनिस्टर अरूण जेटली जी से हम मिले थे, उन्होंने बहुत ही अच्छी तरह से कहा कि यह इल्लिगल सर्क्युलर है, इसको हम तुरंत विदड्रॉं करेंगे। लेकिन उसके बाद में पर्रिकर जी आ गए, उन्होंने भी इसके बारे में सकारात्मकता दिखाई, क्योंकि वे इस विषय के भुक्तभोगी हैं। महोदया, मैंने महाराष्ट्र की सरकार को भी यह सर्क्युलर विदड्रॉं करने के लिए 07.11.2014 को पत्र लिखा था। बहुत ही खुशी की बात है कि महाराष्ट्र सरकार ने इस सर्क्युलर को विदड्रॉं कर लिया है। आगे के लोगों को इससे बहुत ही राहत मिलेगी। लेकिन सन् 2011 का जो सर्क्युलर डिफेंस ने निकाला था, उससे चार साल से सबके काम बंद पड़े हुए हैं, उनको फिर एक बार यह मौका दिया गया है कि वे तीस दिन तक इसके बारे में कोई ऑब्जेक्शन हो तो रेज करें। अगर फिर एक बार ये ऑब्जेक्शन करते हैं तो और बहुत लंबा समय लगेगा। मैं बहुत ही नम्रता से आपसे निवेदन करता हूँ कि बिना विलंब, अनकंडिशनल यह सन् 2011 का सर्क्युलर विदड्रॉं कर दिया जाए, ताकि मुंबई शहर के जो हज़ारों इफेक्टिड लोग हैं, उनको साथ लेने का अच्छा अवसर प्राप्त होगा। लोग बहुत ही दुखी हैं। चार साल से लोगों के काम बंद पड़े हैं। बिल्डिंगें तैयार हैं, लेकिन लोग उनका उपयोग नहीं कर पाते हैं। मैं आपके माध्यम से एक और मांग करूंगा कि जो दोषी अधिकारी हैं, सरहद पर लड़ने वाले जो सैनिक हैं, उनका हम सब आदर करते हैं, लेकिन डिफेंस के जिस ऑफिसर ने यह इल्लिगल सर्क्युलर निकाला है, उसके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए। मैं इस लोक मंदिर के माध्यम से यह मांग करना चाहता हूँ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. स्वामी साक्षीजी महाराज - उपस्थित नहीं।